53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 12.5°c
अधिकतम 25.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:53, सूर्यास्त - 6:12 | वर्ष : 53/ अंक : 50 | बृहस्पतिवार, 20 फरवरी 2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जीवन में विजेता कुछ अलग नहीं करते, परंतु वह चीजों को ही अलग तरीके से करते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

जनता के मुद्दे उठा कर पांच साल में बनना है लोगों की पहली पसन्द : कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे



इस कार्य का आरम्भ कुंभ स्नान ही से कर दो..

# मरी नहीं थी, सीमा के प्यार में फरार हो गयी थी सुषुम्ना

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर में ब्यूटी पार्लर से फरार हुई युवती ने अफवाहों का इतिहास रच डाला। न ऐसा कभी आज से पहले हुआ न शायद कभी आगे होगा। मंगलवार को झांसी की रहने वाली सुषुम्ना की ब्यूटी पार्लर में हार्ट अटैक की खबर के बाद मौत की सूचना मिलते ही सोशल मीडिया व समाचार पत्रों में दुःखद समाचार के रूप में उक्त समाचार प्रसारित व प्रकाशित किया गया। मगर बुधवार को जब अचानक नई मण्डी थाने में सुषुम्ना जिंदा वापस लौट आई तो फिर एक बार मुजफ्फरनगर में सनसनी फैल गयी। किसी को यकीन हुआ और किसी को नहीं। यह सच्चाई देखने के लिए नई मण्डी थाने पर पत्रकारों का तांता लग गया। जब घटनाक्रम की वास्तविकता का पता चला तो सब भोचक्के रह गए। दरअसल सुषुम्ना अपनी महिला मित्र निवासी झांसी के साथ मुजफ्फरनगर से उस समय फरार हो गयी थी, जब दुल्हन बनने जा रही सुषुम्ना ब्यूटी पार्लर पर तैयार होने के लिए गयी थी। सुषुम्ना का विवाह शांतिनगर निवासी

शेष - पृष्ठ-4 पर

## महिला मित्र सीमा के प्रेम के सामने फीका पड़ गया डॉक्टर विजय से सगाई का रिश्ता

**मुजफ्फरनगर।** नगर में हुई अचंभित कर देने वाली इस घटना से एक अजीबो गरीब बात सामने आई है कि डॉ. विजय से हुआ सगाई का रिश्ता महिला मित्र सीमा के प्रेम के सामने फीका पड़ गया, क्योंकि महिला मित्र सीमा के साथ ही सगाई कर चुकी सुषुम्ना ब्यूटी पार्लर से फरार हुई थी तो यही माना जाएगा कि सुषुम्ना सीमा के प्रभाव में थी और उसके कहने पर ही वहां से फरार हुई। बेशक पुलिस ने इन दोनों को लोकेशन के आधार पर ग्वालियर से गिरफ्तार कर लिया और मुजफ्फरनगर ले आई बावजूद उसके भी दुल्हन बनने जा रही सुषुम्ना के ऊपर सीमा के प्रेम का सुरूर साफ दिखा। अब यह प्रेम किस तरह का है, यह कह पाना तो अभी मुश्किल है, क्योंकि इस प्रेम की चर्चाएं अलग-अलग गलियारों में अलग-अलग तरह से होती दिख रही हैं। फिलहाल इसे पुष्टि होने तक समलैंगिकता का नाम नहीं दिया जा सकता। इस राज से पर्दा कुछ दिन बाद फाश हो पाएगा कि आखिर दुल्हन बनने जा रही सुषुम्ना अचानक सीमा के इतने प्रभाव में आकर सजा-सजाया मण्डप छोड़कर क्यों चली गयी।

## 24 वर्षीय सुषुम्ना के बयानों पर सारा दारोमदार

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने कोर्ट में सुषुम्ना के बयान दर्ज करा लिये हैं। अभी उसके बयानों को गुप्त रखा गया है, मगर माना जा रहा है कि सुषुम्ना के बयान सीमा के पक्ष में आने का अंदेशा जताया जा रहा है। यदि सुषुम्ना के बयान सीमा के पक्ष में आते हैं तो दोनों का कोई बाल भी बांका नहीं कर पाएगा, क्योंकि सीमा 24 वर्ष की बालिग युवती बताई गयी है। इस आधार पर वह जो करना चाहेगी, कर लेगी। फिलहाल तो उसने सीमा को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोपों को भी खारिज कर दिया है। इसीलिए नई मण्डी पुलिस समाचार लिखे जाने तक सीमा के खिलाफ कोई कार्यवाही करने में असमर्थ दिखी। सुषुम्ना के पिता द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमें के आधार पर कोई कार्यवाही हो तो हो, नहीं तो बालिग होने के चलते सुषुम्ना और सीमा दोनों आरोपों से बरी भी हो सकते हैं।

## पढ़ी-लिखी डॉक्टर सुषुम्ना की करतूत ने रसूखदार डॉक्टर परिवार को बना दिया चर्चाओं का बाजार

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** नगर के शांतिनगर में रहने वाले डॉ. विजय व उनके पिता भारत भूषण रसूखदार संभ्रान्त परिवार से हैं और उनके घर की दुल्हन बनने जा रही डॉ. सुषुम्ना की करतूत ने बेवजह उनके परिवार को चर्चा में ला दिया। चूंकि परिवार के लोगों ने यही सोचकर सुषुम्ना के साथ सगाई तक तय कर डाली थी कि दोनों युवक-युवती डॉक्टर हैं, ऐसे में एक दूसरे का तालमेल बेहतर रहेगा। मगर उन्हें क्या पता था कि उनके साथ इस तरह का अजीबो -गरीब हादसा हो जाएगा कि एकाएक पूरे मुजफ्फरनगर में इस विवाह की चर्चा हो उठेगी। बिना किसी गलती के ही सिर्फ डॉ. सुषुम्ना की करतूत से उक्त परिवार बेवजह चर्चाओं में आ गया।

## संस्कारवान पिता व दादा फिर भी ऐसी करतूत कर गयी सुषुम्ना

मुजफ्फरनगर। उक्त घटना में किसी को यह समझ नहीं आ रहा कि डॉक्टर जैसी डिग्री होने के बावजूद भी सुषुम्ना किस प्रकार सजा-सजाया मण्डप छोड़कर महिला मित्र सीमा के साथ चली गयी और सिर्फ सुषुम्ना ही नहीं उनका परिवार भी संस्कारवान व बुद्धिजीवी लोगों का परिवार बताया जाता है। क्योंकि सुषुम्ना के पिता के नाम से पूर्व आचार्य योगश्री लिखा गया है। और उसके दादा विजय महाप्रभु रामलाल सिद्ध योग पीठ के सद्‌गुरू बताए गए हैं। ऐसे में सुषुम्ना की परवरिश अच्छे संस्कारवान परिवार में होने के बावजूद भी आखिर वह किस तरह से सीमा के प्रभाव में आ गयी और इतना बड़ा कदम उठा बैठी, यह सब बातें आमजन के बीच चर्चाओं में है। इन सब सवालों का जवाब तो शायद परिवार के लोगों पर खुद के पास भी नहीं होगा कि आखिर सुषुम्ना ने ऐसी करतूत को क्यों अंजाम दिया। मगर कुछ दिनों के बाद सुषुम्ना के बयान के आधार पर ही सबकुछ साफ जरूर हो जाएगा।



कोर्ट में बयान देने के लिए पहुंची युवती।

# दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली 19 फरवरी (वार्ता)** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने श्रीमती रेखा गुप्ता को दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री के रूप में आज चुन लिया। पार्टी ने दिल्ली में अभी कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना है। दिल्ली विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत से विजयी हुई भाजपा दिल्ली प्रदेश मुख्यालय में हुई नवनिर्वाचित विधायक दल की बैठक में केन्द्रीय पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद, ओमप्रकाश धनखड़ एवं चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा की मौजूदगी में श्रीमती रेखा गुप्ता को नेता चुना गया। पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने बताया कि बैठक में श्री प्रवेश वर्मा, श्री विजयेन्द्र गुप्ता और श्री सतीश उपाध्याय ने श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में कोई भी उप मुख्यमंत्री के रूप में नहीं चुना गया। बाद में श्रीमती रेखा गुप्ता ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व, विधायकों एवं दिल्ली की जनता के प्रति आभार प्रकट किया। बैठक के बाद श्रीमती गुप्ता के साथ पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं प्रभारी बैजयंत जय पांडा अन्य नेता उपराज्यपाल वी के सक्सेना के राजनिवास के लिए सरकार बनाने का दावा करने के लिए रवाना हो गये। गुरुवार को दोपहर 12 बजकर 35 मिनट पर उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना श्रीमती गुप्ता को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलायेंगे। इसके बाद मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह रामलीला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का संचालन दिल्ली के मुख्य सचिव करेंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री और भाजपा एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन शासित राज्यों के मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री और प्रमुख नेता भी शामिल होंगे। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को 48 एवं आम आदमी पार्टी को 22 सीटें प्राप्त हुई हैं।
















1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## विधानसभा में योगी और सपा

उत्तर प्रदेश विधानसभा में हंगामा चल रहा है। विधानपरिषद में भी हंगामा हुआ, मार्शल विपक्ष के नेता को उठा कर बाहर ले गए। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव को मार्शलों ने निकाल कर बाहर कर दिया। वह महाकुंभ पर चर्चा के लिए समय बढ़ाने की मांग कर रहे थे। उन्होंने सभापति के आदेशों को भी नहीं माना। पीठ की व्यवस्था न मानने पर मार्शलों को उन्हें बाहर निकालने का निर्देश दिया गया। कुंभ को लेकर हो रही बयानबाजी पर मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर खूब शब्द बाण चलाए। वे सपा नेताओं के कुंभ पर दिए गए वक्तव्यों से आहत भी थे और क्षुब्ध भी। कुंभ पर नकारात्मक वक्तव्य देकर अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, लालू यादव, खड़गे आदि नेता पहले ही से सोशल मीडिया पर लोगों के निशाने पर चल रहे हैं। अब विधानसभा में भी हंगामा हो गया। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र के दौरान सदन में समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी दलों पर कटाक्ष किए। महाकुंभ मेला 2025 को लेकर खड़े किए जाने वाले सवालों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आपके एक सहयोगी कहते हैं, फालतू का कुंभ है। खड़गे कहते हैं, कुंभ भगदड़ में हजारों लोग मारे गए। इनकी एक और सहयोगी कहती हैं, महाकुंभ मृत्युकुंभ में बदल गया? ये क्या है? जया बच्चन, जो सपा की नेत्री हैं, कहती हैं, मृतकों की संख्या सही बताई जानी चाहिए। गंगा में शव बहा दिए गए। इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना बयान दिए जाते हैं। सीएम योगी ने सदन में कहा कि जब हम चर्चा में भाग ले रहे हैं, तब 56.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने विपक्षी दलों को घेरते हुए कहा कि जब सनातन धर्म, मां गंगा, भारत की आस्था, महाकुंभ के खिलाफ अनर्गल प्रलाप और झूठा वीडियो दिखाते हैं, तो यह 56 करोड़ लोगों के साथ ही भारत की सनातन आस्था के साथ खिलवाड़ है। मुख्यमन्त्री ने कहा कि यह किसी पार्टी विशेष और सरकार का नहीं, बल्कि समाज का आयोजन है। सरकार पीछे है। सरकार सहयोग और उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए सेवक के रूप में है। सेवक के रूप में उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना हमारी जिम्मेदारी है। हम तत्परता के साथ ऐसा करेंगे, क्योंकि हमें अपनी जिम्मेदारियों का अहसास है। हमारे मन में भारत की सनातन परंपराओं के प्रति श्रद्धा का भाव है और उन श्रद्धाओं को सम्मान देना हमारा दायित्व है। सीएम ने कहा कि इसका आपको स्वागत करना चाहिए और इस कार्य के साथ सकारात्मक भाव के साथ जुड़ना चाहिए। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष को संबोधित करते हुए कहा कि आपके विरोध का मैं उपहास नहीं उड़ाता, क्योंकि आपकी आदत मुझे मालूम है। सीएम ने तंज कसा कि आज के समाजवादियों के बारे में मान्यता है कि जिस थाली में खाते हैं, उसमें ही छेद करते हैं। मुख्यमन्त्री योगी ने चार पंक्तियों के माध्यम से सपा पर कटाक्ष किया-

बड़ा हसीन है इनकी जुबान का जादू,
लगा के आग बहारों की बात करते हैं।
जिन्होंने रात में चुन के बस्तियां लूटी,
वही नसीबों के मारों की बात करते हैं।

सीएम ने शायरी सुनाने के बाद नेता प्रतिपक्ष पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि यह ऊर्दू नहीं, हिंदी है, जब प्रदेश की स्थानीय बोलियों को सदन में महत्व मिला, तो उन्होंने विरोध किया। हर अच्छे कार्य का विरोध करना समाजवादी संस्कार है। उन्होंने कहा कि हिंदी इस सदन की भाषा है। हिंदी को तो हटाया नहीं, बल्कि सदस्यों को छूट दी गई है कि वे इन बोलियों में बोल सकते हैं। यह थोपा नहीं गया, बल्कि सुविधा है। भोजपुरी, ब्रज, अवधी व बुंदेलखंडी की लिपि भी देवनागरी है। सभी कार्य संविधान द्वारा घोषित व्यवस्था के दायरे में हुआ है। पिछली बार के सत्र में संभल हिंसा पर जिस तरह सपा घिर गई थी, कुछ वैसा ही बजट सत्र में हो रहा है। कुंभ में हो रही परेशानियां, भगदड़ के बाद हुई मौत को अखिलेश यादव सोशल मीडिया से लेकर हर मंच पर मुद्दा बनाते रहे हैं, लेकिन जब विधानसभा में बोलने का समय आया, तो उनकी पार्टी ने उर्दू का मुद्दा भी उठा दिया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने विधानसभा के फ्लोर लैंगवेज में उर्दू को शामिल करने की बात कहकर हंगामा बढ़ा दिया। इसके बाद योगी आदित्यनाथ ने भाषण दिया, उससे समाजवादी पार्टी एक बार फिर बैकफुट पर चली गई। सपा की उर्दू की चाह पर योगी ने अपने भाषण से उन्हें सच का दर्पण दिखा दिया। माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि फ्लोर लैंग्वेज में अंग्रेजी की जगह उर्दू को शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी की जरूरत नहीं है। उर्दू हमारी दूसरी भाषा है। इस पर सीएम योगी ने हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं का मुद्दा उठाकर विपक्ष को घेर लिया। योगी ने कहा कि विपक्ष हर अच्छे काम का विरोध करता है। ये उर्दू की वकालत करने वाले लोग हैं। ये भोजपुरी, अवधी का विरोध करते हैं। उनका मौलवी और कठमुल्ला वाला बयान काफी चर्चा में रहा। इस बयान पर सपा नेता आईपी सिंह ने सोशल मीडिया के जरिए प्रतिक्रिया दी। वीडियो शेयर करते हुए सपा नेता ने लिखा कि लगातार ऐसी कड़ी विवादित आपत्तिजनक भाषा बोलकर प्रधानमन्त्री की कुर्सी हथियाना चाहते हैं। आरएसएस के मुताबिक पीएम मोदी जी सितम्बर 2025 में रिटायर होने वाले हैं, उसे देखते हुए बीजेपी नेताओं में होड़ मची हुई है कि कौन देश के मुसलमानों को सबसे ज्यादा प्रताड़ित और अपमानित करता है। सीएम योगी ने कहा था कि समाजवादियों का चरित्र दोहरा हो चुका है, ये अपने बच्चों को पढ़ाएंगे इंग्लिश स्कूल में और दूसरों के बच्चों के लिए कहेंगे उर्दू पढ़ाओ। उसको मौलवी बनाना चाहते हैं, कठमुल्लापन की ओर देश को ले जाना चाहते हैं, ये नहीं चल सकता है। उन्होंने कहा कि महान कार्य को तीन अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है। उपहास, विरोध और स्वीकृति से। स्वीकृति का इससे बड़ा परिणाम क्या हो सकता है कि जो सपा अध्यक्ष शुरू से महाकुंभ का विरोध कर रहे थे। आखिरी में चुपचाप जाकर डुबकी लगाकर आए। नेता प्रतिपक्ष से उन्होंने कहा कि आप 2013 में नहीं जा पाए थे, जब आप जा रहे थे, तभी आपको फोन आ गया। इसके बाद आप वापस आ गए, लेकिन इस बार आप गए। मुझे अच्छा लगा। आपने यूपी सरकार की व्यवस्था की सराहना की। आपने मुझे प्रत्यक्ष नहीं, बल्कि स्पीकर साहब को धन्यवाद दिया कि महाकुंभ में अच्छी व्यवस्था है। महाकुंभ के बारे में अनेक दुष्प्रचार किए गए। महाकुंभ का जिक्र ऋग्वेद और भागवत गीता में भी है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

*केला* *तस्वीरें* *गम* *गरीब*

एक केला बांटते हो और तस्वीरें हजार,
बिन जताए दोस्तो अहसान करना चाहिये।
गम की चादर को लपेटे जी रहे असली गरीब,
उन गरीबों का भी अब उत्थान करना चाहिये।


## शोक संवेदना

सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलखि कहेउ मुनि नाथ। हानि लाभु जीवनु मरनु जसु अपजसु बिधि हाथ ॥



बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी श्री राकेश कुमार गोयल जी का स्वर्गवास दिनांक 08/02/2025, दिन- शनिवार को हो गया था, प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। हम सब ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा अपने श्री चरणों में स्थान दें।

शोक सभा- दिनांक 20 फरवरी 2025, दिन- बृहस्पतिवार

ब्रह्मभोज — दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी (तेरहवीं) — दोपहर 2:00 बजे

स्थान-दर्पण बैंकट हॉल
लक्ष्मण विहार जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार:-
अंकित गोयल (पुत्र)
एवं समस्त गोयल परिवार

निवास : 23-C नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
M. 9837204402, 9837172599

नोट : कृपया पगड़ी लाने का कष्ट ना करें








# मीरापुर में 8 घण्टे राजमार्ग जाम रहने से हाहाकार मचा

# बिजनौर की ओर जाने वाला ट्रैफिक रोकने से मीरापुर में सुबह 4 बजे से दोपहर 12 बजे तक भयंकर जाम लगा रहा

## - ट्रैफिक चालू कराने के लिए वाहन चालकों ने किया हंगामा

**मीरापुर, 19 फरवरी (बु.)।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व के चलते बिजनौर प्रशासन ने मीरापुर की ओर से आने वाले भारी वाहनों के बिजनौर में प्रवेश पर रोक लगा दी, जिसके चलते मंगलवार की देर रात से मीरापुर में मोंटी तिराहे पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिजनौर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को रोक दिया गया, जिसके चलते मीरापुर में दिल्ली-पौड़ी व पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर सुबह 4 बजे से भयंकर जाम लग गया। जाम में कई स्कूली वाहन व एम्बुलेंस भी फंस गयी। 26 फरवरी को होने वाली महाशिवरात्रि के चलते बिजनौर जनपद में शिवभक्तों का आवागमन शुरू होने के कारण बिजनौर प्रशासन द्वारा मीरापुर की ओर से आने वाले भारी वाहनों के आगमन पर 26 फरवरी तक रोक लगाई है, जिस कारण मंगलवार की देर शाम से मुजफ्फरनगर प्रशासन के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने मीरापुर के मोंटी तिराहे पर बिजनौर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को रोक दिया, जिसके चलते बुधवार की सुबह तक यहाँ वाहनों की लंबी कतारें लग गयी तथा सुबह 4 बजे से मीरापुर में दिल्ली-पौड़ी व पानीपत-खटीमा राजमार्ग पूरी तरह जाम हो गया। जाम के चलते जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। दिन निकलते ही कई किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें लग गयी। कई स्कूली वाहन व एम्बुलेंस भी जाम में फंस गयी। स्कूल जाने वाले बच्चों को अपने वाहनों से उतरकर काफी दूर पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ा तथा लोग अपने वाहनों में कई घण्टों से फंसे हुए हैं, जिससे नागरिकों में प्रशासन के प्रति रोष फैल गया। नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना के यातायात रोक दिया है, जिससे उन्हें बड़ी दिक्कतें आ रही है। वहीं घण्टों से जाम में खड़े ट्रक चालकों व अन्य वाहन चालकों की वाहनों को बिजनौर की ओर जाने देने की मांग को लेकर ट्रैफिक पुलिस से झड़प भी हुई। आक्रोशित वाहन चालकों ने कुछ देर हंगामा भी किया, किन्तु ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश होने की बात कहकर वाहन भेजने से इन्कार कर दिया। वहीं राजमार्ग पूरी तरह जाम होने के चलते छोटे वाहन चालक अपने वाहनों को मीरापुर के अन्दर से निकालने लगे, जिस कारण मीरापुर कस्बे के बाजार में भी जाम की स्थिति बन गयी। जाम के चलते वाहन चालकों के बढ़ते आक्रोश के बाद ट्रैफिक पुलिस ने उच्चाधिकारियों को अव्यवस्था फैलने की जानकारी दी, जिसके बाद दोपहर में करीब 12 बजे पुलिस ने वाहनों को बिजनौर की ओर जाने दिया, तब जाकर जाम खुला और लोगों ने राहत की सांस ली।

मीरापुर कस्बे में मंगलवार की देर रात्रि से ही वाहनों को रोके जाने से ट्रक चालकों ने अपने वाहनों को मीरापुर तथा मुजफ्फरनगर की ओर सड़क किनारे खड़े कर दिए थे, जिस कारण सुबह 4 बजे भयंकर जाम की स्थिति बन गयी तथा दिन निकलते ही यातायात के हालात बिगड़ गए और दोनों राजमार्ग पूरी तरह ठप्प हो गए, जिसे लोग हलकान हो गए, किन्तु हैरत की बात है कि इतना भयंकर जाम लगने के बाद भी स्थानीय मीरापुर पुलिस सुबह 10-30 बजे तक भी मौके पर नहीं पहुँची। जाम के करीब 6 घण्टे बाद पुलिस मौके पर पहुँची और यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने का प्रयास शुरू किया। सुबह 10-30 बजे तक केवल ट्रैफिक पुलिस का एक एसआई व एक कांस्टेबल यातायात व्यवस्था बनाने के लिए जद्दोजहद कर रहे थे। स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति रोष नजर आया।

# ज्वॉइंट कमिश्नर जीएसटी से मिले जिले के व्यापारी

## - व्यापारियों का उत्पीड़न बन्द करने को की गई वार्ता

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधायक अशोक कंसल के नेतृत्व में जीएसटी ज्वॉइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित से मिला। प्रतिनिधि मंडल में श्याम सिंह सैनी, अजय सिंघल, प्रवीण खेड़ा, स. सुलखान सिंह, दिनेश बंसल, पंकज शर्मा आदि ने व्यापारियों की समस्याओं को रखते हुए उसके निदान कराने की मांग की। पूर्व विधायक अशोक कंसल ने जीएसटी ज्वॉइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित के सामने जिले के व्यापारियों को महत्वहीन गलतियों पर गाड़ी को न रोके जाने, महत्वहीन गलतियों से टैक्स की चोरी नहीं होती। यदि टैक्स की इनवॉइस पर खरीदार व्यापारी का पूरा पता लिखा है लेकिन ई-वे बिल में संक्षिप्त पता लिखा है तो इसे गाड़ी को रोकने का आधार नहीं बनाया जाना चाहिए। व्यापारियों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार विभाग न किया जाए। व्यापारियों से टैक्स जमा करने के लिए डीआरसी फार्म तभी भरवाया जाए जब व्यापारी अपने केस में कानूनी कार्यवाही आगे न बढ़ाए। गुड़ मंडी में गुड़ की आवक बढ़े इसके लिए जीएसटी विभाग को गुड़ माफिया पर रोक लगाने की मांग की, ताकि गुड़ माफिया किसानों के नाम पर अन्य प्रदेशों में गुड़ की सप्लाई न कर सके।



# तेजस फाउंडेशन के संरक्षक बने ठाकुर संगीत सिंह सोम



**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** बीते कई वर्षों से सामाजिक समाज कार्यों में सक्रिय तेजस फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को सरधना के पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम को ट्रस्ट का संरक्षक बनाया है। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मोमेंटो एवं अंग वस्त्र भेंट करते हुए पूर्व विधायक का सम्मान किया। तेजस फाउंडेशन के संरक्षक बनने पर पूर्व विधायक ठा. संगीत सिंह सोम ने ट्रस्ट को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के महामंत्री अमित गोयल ने पूर्व विधायक को ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। इस दौरान अरुण प्रताप सिंह अध्यक्ष, संजय मिश्रा उपाध्यक्ष, दीपक गोयल, विजय प्रताप सिंह व समर ठाकुर उपस्थित रहे।

# नई नियमावली पर व्यापारियों को दिखाई दिया बिखराव, 1977 से किराया निर्धारण का प्रस्ताव मंजूर नहीं

## - किराया निर्धारण को लेकर समिति के समक्ष हुई सुनवाई -

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** पालिका की 17 मार्किट की 509 दुकानों व 173 क्वार्टरों में बतौर किरायेदार प्रकरणों का निस्तारण करने के लिए लाई नई किराया नियमावली को लेकर शुरू सुनवाई की दूसरी बैठक में पालिका मार्किटों के किरायेदार व्यापारी एकमत नजर नहीं आये। व्यापारियों में कई मुद्दों को लेकर बिखराव दिखाई दिया। आपत्तियों पर सुनवाई के दौरान व्यापारियों ने स्पष्ट कर दिया कि उन्हें पालिका का 1977 से किराया निर्धारण का प्रस्ताव मंजूर नहीं है, तो कुछ व्यापारियों ने वर्तमान से ही किराया लागू करते हुए वसूलने का सुझाव दिया। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप द्वारा पालिका मार्किट के किरायेदारों के करीब तीन दशकों से लंबित प्रकरणों का निस्तारण कराने को बोर्ड बैठक में टैक्स विभाग की ओर से प्रस्ताव 402 के तहत नई किराया नियमावली को सदन में प्रस्तुत किया, जिसे बोर्ड ने अपनी सहमति प्रदान कर दी। नई नियमावली में पालिका की संपत्तियों में अवैध किरायेदारों का विनियमितीकरण करने को नामांतरण शुल्क के साथ किराये में 01 सितम्बर 1977 को जारी शासनादेश को आधार बनाते हुए 50 प्रतिशत की वृद्धि करने का प्रस्ताव करते हुए आपत्ति मांगी। आपत्तियों का निस्तारण करने के लिए चेयरपर्सन ने समिति का गठन किया, जिसमें सभासद राजीव शर्मा, देवेश कौशिक और बबीता वर्मा एवं कर निर्धारण अधिकारी दिनेश यादव को शामिल किया गया है। बुधवार में समिति ने आपत्तियों पर दूसरी सुनवाई बैठक में इन मार्किट के किरायेदार व्यापारी पालिका के किराया बढ़ोतरी के प्रस्ताव व दूसरे नियमों को लेकर एकमत नहीं दिखे। 50 फीसदी किराया वृद्धि का विरोध करने के साथ व्यापारियों ने यह साफ किया कि वे 1977 शासनादेश या 2014 के पारित प्रस्ताव के आधार पर किराया वृद्धि को स्वीकार नहीं करेंगे। व्यापारी किरायेदार जयकुमार ने सुनवाई के दौरान कहा कि वो 1974 से पालिका के दुकान आवंटी के रूप में किरायेदार हैं, वो 1977 से किराया निर्धारण नहीं करायेंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि किराया तय करने का आधार वर्तमान को माना जाना चाहिए। इसके साथ ही कई बिन्दुओं पर भी व्यापारियों ने अपनी बात रखी और पालिका की इस नई नियमावली का मुखर विरोध किया। इस दौरान दौरान प्रवीण जैन चीनू, संजय नारंग, वीरेन्द्र अरोरा, जसप्रीत सिंह, जय कुमार, किरण पाल, भानु प्रताप अरोरा, दीपक कुमार, शिशुकांत गर्ग, विजय तनेजा आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### इन्होंने कहा......

कर निर्धारण अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि व्यापारियों की आपत्तियों पर तथ्यात्मक मत प्राप्त किया, आपत्तियों के समर्थन में उनसे लिखित साक्ष्य शासनादेश आदि मांगे, जो वो प्रस्तुत नहीं कर पाये। सुनवाई के लिए 20 फरवरी का भी दिन तय है, समिति इसके लिए सभागार में उपलब्ध रहेगी। हालांकि व्यापारियों के आग्रह पर आज सुनवाई का कार्य पूर्ण किया है। इसके बाद 24 फरवरी को समिति की बैठक में आपत्तियों और सुझावों पर चर्चा करते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार की जायेगी, जिसे चेयरपर्सन को सौंपा जायेगा। इसके बाद यह रिपोर्ट अनुमोदन के लिए बोर्ड बैठक में प्रस्तुत की जायेगी। सदन की सहमति बनने के लिए इसको स्वीकृति के लिए शासन में भेजा जायेगा। वहां से अनुमति प्राप्त होने पर इसे लागू करने के लिए गजट प्रकाशन कराया जायेगा।









# डी.पी. जूनियर हाईस्कूल का 45वां वार्षिक समारोह संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बुस.)।** नगर के रहमतनगर स्थित सर सैय्यद मैमोरियल डी.पी. जूनियर हाई स्कूल का 45वां वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सेल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौ. वसी एडवोकेट थे, जबकि विशेष अतिथियों में मंडल प्रभारी (पंजाब केसरी) खुशी कुरैशी और अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार राशिद अली शामिल थे, जिन्होंने समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया। इस अवसर पर भारत की कहानी, भारत की जुबानी विषय पर प्रस्तुति ने सभी को आकर्षित किया, वहीं सोशल मीडिया के लाभ-हानि पर आधारित नाटक को दर्शकों ने खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। समारोह में मुख्य अतिथि मौ. वसी अंसारी, खुशी कुरैशी और वरिष्ठ पत्रकार राशिद अली ने संस्था के प्रधानाचार्य मौ. मशहैदी जैदी और कार्यक्रम संचालक सज्जाद रजा ने संबोधित किया और छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए सरपरस्तों से निगरानी बढ़ाने की अपील की। कार्यक्रम में महिला सरपरस्तों और अन्य गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और खड़े होकर तालियों से स्वागत किया।





MG WORLD VISION SCHOOL
LABOR VINCIT OMNIA

# We are Hiring

MG World Vision School, Vasundhara Residency, Mzn. invites CVs for the opening of faculty positions in the given subjects and disciplines - **French (PRT), English (TGT), S.St. (TGT), Sports Coaches both Part Time and Full Time for Swimming, Basketball, Skating and Badminton.**

Kindly forward your resume within a week of publication on the given e-mail address or walk in the premises between 10:00 AM to 01:00 PM on all working days.

E-mail at: mgworldvisionschool@gmail.com

MG World Vision School
Vasundhara Residency, Parikrama Marg, Muzaffarnagar, UP, 251001


# समस्या समाधान नहीं होने पर किसानों ने जताई नाराजगी, किसान दिवस में उठे बिजली, पानी व अन्य समस्याओं के मुद्दे

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर बुधवार को जिला पंचायत सभागार में संपन्न किसान दिवस में इस बार किसानों और किसान नेताओं की उपस्थिति बहुत कम रही, लेकिन यहां पहुंचे किसानों ने अफसरों से आवारा पशु, बिजली की जर्जर लाइन, लाइनमैनों की लूट-खसोट एवं राजवाहों में पानी कम आने की शिकायत प्रमुखता से उठाई गई। साथ ही पूर्व में उठे मामलों में कार्यवाही नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला पंचायत सभागार में किसान दिवस आयोजित किया गया। किसान दिवस में बिजली, सिंचाई, प्रदूषण, डोलबंदी मामलों को लेकर काफी शिकायत आई। किसानों ने कहा कि खतौली व रतनपुरी क्षेत्र में रात्रि के समय बिजली बंद होने से बिजली के तार, स्टार्ट और मोटर आदि चोरी हो रहे हैं। किसानों ने कहा कि जड़ौदा गांव में एक फैक्ट्री द्वारा गांव के पानी को प्रदूषित किए जाने के कारण लोगों में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो रही है। कुछ किसानों ने कहा कि किसान दिवस में शिकायत दर्ज करने के बाद उनका कोई समाधान समय से नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही जड़ौदा गांव में एक स्कूल के पास ही विद्युत परिवर्तक लगाने को लेकर किसान नाराज दिखाई दिये और बच्चों को हादसे से बचाने के लिए परिवर्तक हटवाये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि रात्रि में जंगल की लाइन में करंट छोड़ा जाये तो चोरी की घटनाएं कम हो जायेंगी। उन्होंने राजवाहों में पानी कम आने की शिकायत करते हुए इससे सिंचाई संबंधी परेशानियों को अफसरों के सामने रखा। रतनपुरी क्षेत्र में खेतों से जा रही विद्युत लाइन जर्जर और काफी नीचे आने की जानकारी देते हुए उसे ठीक कराने की मांग करते हुए आशंका व्यक्त की कि नहीं तो बड़ा हादसा और फसलों को नुकसान हो सकता है। किसान दिवस में इस दौरान एसपी यातायात अतुल कुमार दूबे, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, उप कृषि निदेशक संतोष कुमार यादव, कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, भूमि संरक्षण अधिकारी राहुल कुमार, भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष नवीन राठी, संजीव कुमार, रविंद्र कुमार, मोहन, राज पाल, सोमपाल, रामकुमार, राज सिंह, राजू, सोमपाल सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## भाकियू के पूर्व प्रदेश सचिव ने दिया संगठन से त्याग पत्र

**मुजफ्फरनगर, 19 फरवरी (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन को आज उस समय बडा झटका लगा जब जिले के एक मजबूत किसान नेता ने संगठन से त्यागपत्र दे दिया। त्यागपत्र में संगठन से विचार न मिलने को वजह बताया गया है। मंसूरपुर क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी भारतीय किसान यूनियन के पूर्व प्रदेश सचिव चांदबीर सिंह फौजी ने बुधवार को अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है। अपने त्याग पत्र में चांदबीर सिंह ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन का गठन देश के महान किसान नेता स्व. चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ने देश के किसानों की लड़ाई लड़ने के लिए किया था और हमेशा ही अराजनैतिक रहने का संकल्प लिया था। वर्तमान में संगठन अपने मकसद से भटक गया है, जिसमें बने रहने का कोई औचित्य नहीं बनता।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आईटीआई में "सिग्नेचर बिल्डिंग" का किया लोकार्पण



**लखनऊ, 19 फरवरी (बु.)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लाइट हाउस योजना के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के उच्चीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में "सिग्नेचर बिल्डिंग" का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने प्रशिक्षार्थियों द्वारा तैयार ट्रेड मॉडल प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और रोजगार मेले का उद्घाटन किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार प्रदेश के युवाओं को बेहतरीन और रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आईटीआई के उच्चीकरण के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी आईटीआई संस्थानों को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि युवा कौशल विकास के माध्यम से बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकें। इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने रोजगार मेलों और अन्य कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए प्रधानाचार्य राज कुमार यादव की प्रशंसा की। वहीं, प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, डॉ. हरिओम (आईएएस) ने युवाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करने पर जोर दिया और एमएसएमई के अंतर्गत 5 लाख युवाओं को ऋण दिलाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता बताई। निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, नेहा प्रकाश (आईएएस) ने कहा कि प्रशिक्षण इतना प्रभावी होना चाहिए कि युवा सरकारी नौकरियों पर निर्भर रहने के बजाय निजी क्षेत्र में जाकर खुद रोजगार देने योग्य बनें। कार्यक्रम में अपर निदेशक, मण्डलीय संयुक्त निदेशक, जनपद के सभी प्रधानाचार्य, अनुदेशक एवं स्टाफ के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नोडल प्रधानाचार्य, राज कुमार यादव ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रशिक्षकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह के समर्थन की अपेक्षा जताई।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महाकुंभ में लगाई डुबकी

**लखनऊ, 19 फरवरी (एजेंसी)।** प्रयागराज महाकुंभ में आज षष्टमयाम तिथि पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय ने संगम में डुबकी लगाई। स्नान के बाद मां गंगा की पूजा-अर्चना कर अजय राय ने लोक कल्याण की कामना की एवं समूचे देश की सुख शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके पहले बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में महाकुंभ में अव्यवस्थाओं के आरोप पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया।

उन्होंने कहा कि महाकुंभ के आयोजन को लेकर अफवाह फैलाने वाले करोड़ों लोगों की आस्था का अपमान कर रहे हैं। अब तक महाकुंभ में 56 करोड़ से भी ज्यादा लोग स्नान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का आयोजन किसी सरकार का आयोजन नहीं है। यह सनातन संस्कृति का आयोजन है।

